
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UHIN/2012/43078 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

सीतापुर से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

सीतापुर, शनिवार , 07 मार्च 2026
वर्ष 14, अंक 314, पृष्ट 04, मूल्यः 01 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बिना हेलमेट और इंश्योरेंस के बाइक चलाते दिखे पुलिसकर्मी, उठे सवाल...03

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार का आश्वासन, देश में पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं...04

## रूस से तेल खरीदने के लिए भारत को मिली 30 दिन की छूट, अमेरिकी एलान पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


अमेरिका ने रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों के बीच भारत को रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए 30 दिन की अस्थायी छूट दे दी है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा है कि समुद्र में फंसे रूसी तेल की खेपों को वैश्विक बाजार में बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय रिफाइनरियों को यह अनुमति दी जा रही है। ट्रेजरी की इस घोषणा ने एक बार फिर चौंकाया है क्योंकि भारत सरकार यही कहती रही है कि वह देश की ऊर्जा सुरक्षा को देखते हुए किस देश से तेल खरीदना है और किस से नहीं, इसका फैसला करती है।

**अमेरिकी घोषणा पर कांग्रेस ने उठाए सवाल**

बहरहाल, कांग्रेस की ओर से अमेरिका की तरफ से की गई घोषणा को भारतीय संप्रभुता पर सवाल उठाते हुए सरकार पर अमेरिकी दबाव के आगे झुकने का आरोप लगाया है, जबकि भाजपा ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के अनुसार स्वतंत्र रूप से तेल खरीदता है।

**रूस के नहीं मिलेगा बड़ा आर्थिक लाभ- बेसेंट**

बेसेंट के मुताबिक यह कदम जानबूझकर बहुत सीमित अवधि के लिए उठाया गया है ताकि रूस को इससे कोई बड़ा आर्थिक लाभ न मिल सके, क्योंकि यह केवल उन तेल खेपों के लेनदेन की



अनुमति देता है जो पहले से समुद्र में फंसी हुई हैं।''

उन्होंने यह भी कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण साझेदार है और वॉशिंगटन को उम्मीद है कि नई दिल्ली आगे चलकर अमेरिकी तेल की खरीद बढ़ाएगा। उनके अनुसार यह अस्थायी व्यवस्था ईरान की ओर से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव बढ़ने से उत्पन्न स्थिति को कम करने के लिए की गई है। इस घोषणा के बाद अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल (ओएफएसी) ने एक विशेष लाइसेंस जारी किया है जिसके तहत 5 मार्च 2026 तक जहाजों पर लदे रूसी मूल के कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों को भारत तक पहुंचाने और बेचने की अनुमति दी गई है। यह छूट 4 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगी।

**रूसी क्रूड को भारतीय कंपनियां ही खरीदेंगी**

इस दौरान उन जहाजों से जुड़े लेनदेन की भी अनुमति होगी जो विभिन्न प्रतिबंध व्यवस्थाओं के कारण फंसे हुए हैं। इसमें यह साफ तौर पर लिखा गया है कि उक्त रूसी क्रूड को भारतीय कंपनियां ही खरीदेंगी और उन्हें भारत के पोर्ट पर ही उतारा जाएगा। यह भी साफ किया गया है कि उक्त आदेश की आड़ में ईरान से किसी तरह की कोई खरीद-फरोख्त नहीं होनी चाहिए।

भारत ने मार्च, 2022 के बाद से रूस से कच्चे तेल का बड़े पैमाने पर खरीददारी शुरू की है। उसके पहले भारत की कुल जरूरत में रूस से आयातित तेल का सिर्फ 0.2 फीसद हिस्सा होता था जो बाद के तीन वर्षों में बढ़ कर 35-45 फीसद तक पहुंच गया था। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों के प्रतिबंध को दरनिकार कर भारत ने रूस से तेल की खरीद की।

**भारत प्रतिदिन खरीदता है 10 लाख बैरल कच्चा तेल**

एक समय भारत का रूसी तेल आयात कई महीनों तक प्रतिदिन 15 से 18 लाख बैरल तक पहुंच गया था और रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया था। हालांकि हाल के महीनों में अमेरिकी प्रतिबंधों तथा भुगतान और शिपिंग से जुड़ी जटिलताओं के कारण इसमें कुछ कमी आई है। इसके बावजूद फरवरी 2026 में भी भारत रूस से प्रतिदिन लगभग 10 लाख बैरल से अधिक खरीदता रहा है और मार्च में भी यह स्तर काफी हद तक बना हुआ है।

**विपक्षी दलों ने सरकार को घेरा**

इसी मुद्दे पर विपक्षी दलों ने सरकार को घेरते हुए कहा है कि यदि भारत रूस से तेल खरीद रहा है तो इसके लिए किसी दूसरे देश की अनुमति लेने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। उनका आरोप है कि सरकार की नीतियों के कारण भारत की ऊर्जा नीति पर बाहरी दबाव का असर दिखाई दे रहा है।

वहीं भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस को अमेरिका के बयानों के बजाय वास्तविक आंकड़ों को देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत फरवरी में भी रूस से प्रतिदिन 10 लाख बैरल से अधिक कच्चा तेल खरीद रहा था और यह खरीद मार्च में भी जारी है। बलूनी ने कहा कि मोदी सरकार पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के अनुरूप दुनिया के विभिन्न देशों से तेल खरीदता है और इस संबंध में किसी भी देश के दबाव में निर्णय नहीं लिया जाता।

## यूपी के इन जिलों में बनेगा 'सारस सकिर्ट', संरक्षण के साथ इको-टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ-** उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के राजकीय पक्षी सारस के संरक्षण और इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मैनपुरी और इटावा जिलों में 'सारस सकिर्ट' विकसित कर रही है। इस पहल के तहत वेटलैंड क्षेत्रों का संरक्षण करते हुए पर्यटन सुविधाओं का भी विस्तार किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

**इन क्षेत्र को जोड़कर तैयार होगा सारस सकिर्ट**

वन विभाग के माध्यम से इस परियोजना को विकसित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मैनपुरी के किर्थुआ, सहस, कुरर जरावां, सौज और समन के साथ इटावा के सरसई नावर तथा परौली रामायण वेटलैंड क्षेत्र को जोड़कर सारस सकिर्ट तैयार किया जाएगा। सारस सकिर्ट के तहत इन वेटलैंड



क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनमें प्रवेश द्वार, व्यू प्वाइंट, डेक और बोटिंग स्पॉट, बटरफ्लाई गाडर्न, सोलर साइट लाइटिंग और इंटरप्रिटेशन सेंटर जैसी व्यवस्थाएं शामिल होंगी। इसके अलावा सूचना केंद्र, ईको-टॉयलेट, पार्किंग, इंटरैक्टिव साइनेज, फूड कियोस्क तथा ओडीओपी और स्मृति चिन्ह की दुकानें भी स्थापित की जाएंगी। इन सुविधाओं के माध्यम से पर्यटक सारस के प्राकृतिक आवास को करीब से देख सकेंगे और वेटलैंड पारिस्थितिकी तंत्र को समझने का अवसर मिलेगा। दुनिया के सबसे लंबे उड़ान भरने वाले पक्षियों में शामिल सारस क्रेन का प्रमुख आवास उत्तर प्रदेश के मैनपुरी, इटावा, एटा और अलीगढ़ के वेटलैंड क्षेत्र हैं।

**सरकार का मानना है...**

सारस सकिर्ट के विकास से इन वेटलैंड्स का संरक्षण मजबूत होगा और अन्य पक्षियों जैसे ग्रे हेरॉन और ओपन-बिल्ड स्टॉक के लिए भी सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा। यह पहल भू-जल स्तर को बनाए रखने, जलाशयों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में भी सहायक मानी जा रही है। साथ ही इको-टूरिज्म गतिविधियों के विस्तार से स्थानीय समुदाय को रोजगार और आय के नए अवसर मिलेंगे। सरकार का उद्देश्य है कि सारस को उसके प्राकृतिक वातावरण में सुरक्षित रखते हुए जैव विविधता का संरक्षण किया जाए और प्रदेश में सतत विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाया जाए।

## मोगा में दिनदहाड़े सरपंच की गोली मारकर हत्या, पुरानी रंजिश का शक; परिवार ने विधायक पर लगाए मर्डर के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोगा।** मोगा के बाघापुराना कस्बे में शुक्रवार को सुबह करीब 11:30 बजे उस समय दहशत फैल गई, जब पुरानी रंजिश के चलते पट्टो हीरा सिंह वाला गांव के निर्दलीय सरपंच को गोलियों से भून दिया गया। बताया जा रहा है कि जब उन पर फायरिंग हुई, तब वे अपनी थार गाड़ी में कोटकपूरा रोड पर पुलिस स्टेशन से थोड़ी ही दूरी पर अपने जिम, सुजान फिटनेस क्लब में जा रहे थे। गोलियों की आवाज़ से कस्बे में दहशत फैल गई। गंभीर रूप से घायल सरपंच को इलाज के लिए पास के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दिनदहाड़े हुई इस दुखद घटना के बाद बाघापुराना और आस-पास के इलाकों में डर का माहौल है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। आस-पास के CCTV कैमरों की जांच समेत कई टीमें बनाई गई हैं। पुलिस के मुताबिक, उन पर 10 से ज्यादा राउंड गोलियां चलाई गईं। दूसरी ओर सूचना मिलने पर मोगा के



एसएसपी अजय गांधी समेत पुलिस के आलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

**पुलिस ने शुरू की हत्या की जांच**

एसएसपी अजय गांधी ने बताया कि हमलावर फॉर्च्यूनर गाड़ी पर सवार होकर आए थे। यह मामला आपसी रंजिश से जुड़ा हुआ है। पुलिस की ओर से हमलावरों का पीछा करने के लिए कई टीमें बनाई गई है। आरोपियों की पहचान हो चुकी है। इसी के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को खराब करने वाले किसी भी व्यक्ति को सहन नही किया जाएगा।

**क्या था मामला?**

मृतक हरविंदर सिंह हैप्पी के चाचा जसविंदर सिंह ने बताया कि उसका गोद लिया हुआ बेटा किसी लड़की के तलाक के केस में उसकी मदद कर रहा था। इस मामले में उसको पहले भी कई बार धमकियां मिली थी। इसी के चलते निहाल सिंह वाला के विधायक मंजीत सिंह बिलासपुर ने उसके बेटे को सुरक्षा भी प्रदान की थी। इसके बावजूद बाघापुराना के विधायक अमृत पाल सिंह सुखानंद उसे धमकाते रहे। वह कहते थे कि उनके मामले में दखल न दे वरना वह उसके खिलाफ एक्शन लेंगे। शुक्रवार को जब हरविंदर सिंह करीब 11:30 बजे अपने जिम में आया तो उन्होंने उस पर अंधाधुंध फायरिंग करवा दी और उनके बेटे को 8-9 गोलियां लगीं। उन्होंने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी है और कहा है कि इन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इस केस में इलाके के विधायक का नाम भी दर्ज किया जाए, क्योंकि वह लगातार धमकियां दे रहे थे। हमारी मांग है कि हमें इंसाफ दिया जाए और जब केस दर्ज हो जाएगा, उसके बाद ही हम पोस्टमॉर्टम करवाएंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### फतेहपुर में चालक को आई झपकी, मथुरा से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, 13 घायल





**बकेवर(फतेहपुर)।** मथुरा के जयगुरुदेव आश्रम से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप जहानाबाद चौडगरा मार्ग में आलमपुर मोड़ के पास पलट गई। हादसे में पिकअप सवार 13 लोग घायल हुए हैं। पुलिस का कहना है कि हादसा पिकअप चालक को झपकी आने के कारण हुआ है। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी जहानाबाद एंबुलेंस से ले जाया गया। यहां से आठ की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पिकअप में लदा सामान भी सड़क पर बिखर गया। जिले के हथगाम व राधा नगर थाना क्षेत्र से होली पर जय गुरुदेव आश्रम मथुरा 14 श्रद्धालुओं को लेकर गई पिकअप शुक्रवार को वापस लौटते समय बकेवर थाने के आलमपुर गांव के पास चालक को झपकी आ गई। इस दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क में पलट गई। पिकअप में सवार श्रद्धालु सड़क छिटकर दूर-दूर गिरे।

इससे हथगाम थाने के कुम्हानपुरवा निवासी फूलचंद्र उनकी पुत्री हिमांशी, कमला देवी, छेदीलाल, शिवबरन, निर्मला देवी, छेदी का पुरवा गांव निवासी पतरावां, इटौली गांव के गोवर्धन, फूलचंद्र, सुमेर सिंह, पोखीपुर गांव निवासी राम गोपाल व राधा नगर थाने के मलाका गांव निवासी आशा देवी व गुड़िया घायल हुए हैं। पिकअप चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने एंबुलेंस व निजी वाहन से सभी घायलों को सीएचसी जहानाबाद में भर्ती कराया। यहां घायलों में आठ लोगों में फूलचंद्र, हिमांशी, कमला देवी, शिवबरन, निर्माला, पतरावन, आशा देवी व गुड़िया को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थाना प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने बताया कि घायलों को इलाज चल रह है। यह सभी मथुरा जय गुरुदेव आश्रम से वापस पिकअप से लौट रहे थे। इसकी दौरान चालक झपकी आने से हादसा हो गया।

## हाथरस में दर्दनाक हादसा, त्योहार की खुशियां मातम में बदलीं; थार सवार N S G कमांडो की सड़क दुर्घटना में मृत्यु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सादाबाद (हाथरस)।** पल्हावत गांव के पास शुक्रवार तड़के सड़क हादसे में मथुरा निवासी एनएसजी कमांडो योगेंद्र सिंह की मृत्यु हो गई। उनके साथ थार कार में सवार तीन दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें आगरा उपचार के लिए भेजा गया है। हादसा शुक्रवार सुबह उस समय हुआ जब वे होली खेलकर अपने दोस्त के यहां से लौट रहे थे। राया के गांव गुडेरा में इस घटना से मातम फैल गया है। राया के गांव गुडेरा निवासी 32 वर्षीय योगेंद्र सिंह एनएसजी में कमांडो थे। वह अपने साथी विष्णु, सत्यवीर और जितेंद्र के साथ होली खेलने गए थे।

सादाबाद क्षेत्र के गांव कजरौठी में एक वाहन ने उनकी थार कार को ओवरटेक किया। इसके कारण उनकी थार कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में कमांडो योगेंद्र सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। विष्णु नेवी में कार्यरत हैं, जबकि सत्यवीर और जितेंद्र गांव में रहते हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए मथुरा ले जाया गया। हादसे के बाद थार कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। गांव नगौड़ा के प्रधान नीरज सोलंकी ने बताया कि योगेंद्र वर्ष 2010 में सेना में भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग पठानकोट में थी। योगेंद्र 25 दिन पहले ही होली की छुट्टी पर घर आए थे। 31 मार्च को उनके सेना में 15 साल पूरे होने थे। उनके बड़े भाई धर्मेंद्र ने बताया कि योगेंद्र तीनों भाइयों में सबसे छोटे थे।

**कमांडो की पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल**

कमांडो योगेंद्र की पत्नी एकता और उनके दो छोटे बच्चे हैं। उनके पांच साल का बेटा और चार साल की बेटी है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सन्नाटा पसर गया। योगेंद्र के घर पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित होने लगी।

**मिलिट्री हास्पिटल में उपचार के दौरान कमांडो की मृत्यु**

हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सादाबाद भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। योगेंद्र सिंह को मिलिट्री हास्पिटल मथुरा में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

## 'झूठे आंकड़ों से भ्रमित करती है सरकार', आपराधिक घटनाओं को लेकर अखिलेश ने भाजपा पर बोला हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आपराधिक घटनाओं को लेकर प्रदेश सरकार पर हमला बोला है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार का कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस का दावा झूठा साबित हो चुका है। सरकार और मुख्यमंत्री झूठे आंकड़ों से जनता को भ्रमित करते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। शुक्रवार को पार्टी की ओर से जारी बयान में सपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। बुधवार को जौनपुर में अनुबंधित बस के चालक ललई यादव की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। बुलंदशहर में एक मेले में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ। आजमगढ़ में दुष्कर्म पीड़िता की हत्या कर दी गयी। लखनऊ में महिला की चेन बाइक सवार बदमाशों ने लूट ली। चंदौली में फार्म हाउस में सो रहे युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। अपराधियों में कानून और पुलिस का डर नहीं है। भाजपा सरकार सो रही है। आपराधिक तत्वों और दबंगों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। वर्ष 2027 में जनता, भाजपा की सरकार को हटा देगी।

## दबंगों से परेशान चौकीदार ने घर पर लिखा 'पलायन कर रहा हूं, मकान बिकाऊ है'

- **पानी का रास्ता रोकने से घर के बाहर फैला है कीचड़, कई बार कर चुका शिकायत**

**गांव के ही कुछ लोगों पर पानी का रास्ता बंद करने का लगाया चौकीदार ने आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर।** दबंगों से परेशान होकर गांव के एक चौकीदार ने अपने घर की दीवारों और दरवाजे पर पलायन कर रहा हूं, मकान बिकाऊ है और अपना मोबाइल नंबर भी लिखकर विरोध जताया है। पीड़ित चौकीदार का आरोप है कि वह चौकी से लेकर थाने और थाने से लेकर एसडीएम मौदहा तक शिकायत कर चुका है। लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। जिसके कारण उसे ऐसा करना पड़ा, यदि उसकी सुनवाई नहीं हुई तो वह परिवार समेत गांव छोड़कर चला जाएगा। थाना बिवांर के ग्राम सभा मसगवां के मजरा खड़ेही निवासी पुष्पेंद्र कुमार थाना बिवांर में चौकीदार की सेवा देकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। पीड़ित चौकीदार ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके घर के सामने गांव के पानी की निकासी होती है। गांव के ही कुछ लोगों ने जानबूझकर उस पानी की निकासी रोक दी है, जिससे उसके मकान के सामने पूरे रास्ते पर गांव का गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे आने जाने पर कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है तथा गंदगी होने से संक्रमण फैल रहा है। आए दिन उसके परिवार का कोई न कोई सदस्य बीमार भी हो रहा है। पीड़ित ने पानी के निकासी के लिए उचित कार्रवाई करने की मांग उच्चाधिकारियों से की, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे परेशान होकर उसने अपने घरों की दीवारों और दरवाजों सभी जगह दबंगों से परेशान होकर पलायन कर रहा हूं, यह मकान बिकाऊ है, ग्राम सभा मसगवां, मजरा खड़ेही के अलावा अपना मोबाइल नंबर भी लिखा है। चौकीदार द्वारा किया गया यह विरोध गांव के लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन अभी तक जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं हैं, चौकी में सूचना दी गई होगी। प्रभारी डीपीआरओ सुरेश कुमार धुरिया ने बताया कि उनके पास इस संबंध में कोई शिकायती पत्र नहीं आया है। यदि ऐसा कुछ है तो वह तत्काल मौके पर टीम भेजकर सफाई कराएंगे। वहीं एसडीएम मौदहा करनवीर सिंह ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं हैं यदि ऐसा कोई मामला है तो वह दिखवाते हैं।

## पश्चिम एशिया में तनाव के बीच फैली अफवाह से सीतापुर के पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी लाइनें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के युद्ध के बीच भारत में पेट्रोल और गैस की कमी की उड़ती खबरों के बीच सीतापुर में लोगों ने पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ लगा दी। देखते-देखते लगभग सभी पंपों पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गई, इनमें भी अधिकांश दो-पहिया वाहन थे। सीतापुर में शुक्रवार को लोगों ने अंतरराष्ट्रीय मीडिया से मिली खबरों का भरोसा किया और वाहनों में ईंधन लेने पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ पड़े। इनको सूचना मिली कि होर्मुज स्ट्रेट्स से संभावित आपूर्ति में कमी आ गई है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर हार्मुज की खाड़ी (ईरान और ओमान के बीच जलमार्ग, जिससे पेट्रो और गैस की आपूर्ति होती है ) बंद होने की खबरों के बीच लोगों में प्रेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति को लेकर सीतापुर के लोगों में अनिश्चितता का भाव उत्पन्न हो गया है। इसको लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोगों ने पेट्रोल पंपों पर पहुंचकर



वाहनों की टंकी फुल कराने प्रयास किया। पंपों पर भीड़ लग गई।

सुबह तक सबकुछ सामान्य चल रहा था। दोपहर में एकाएक इंटरनेट मीडिया पर हार्मुज की खाड़ी के बंद होने की खबरें चलने लगी। इसी जलमार्ग से देश में खपत होने वाले पेट्रो पदार्थों और गैस का बड़ा हिस्सा आता है। खबरें देख लोग घबड़ा गए। बाइक और कार लेकर पेट्रोल पंप की ओर दौड़ पड़े। लालबाग पेट्रोल पंप बाइक में तेल भरवाने गए आर्यनगर के तुषार मिश्र ने कहा कि जिस तरह से अमेरिका और इजराइल ईरान पर हमला कर रहे हैं और ईरान पलटवार कर रहा है। इससे निकट भविष्य में युद्ध थमने वाला नहीं दिखता। इसलिए टंकी फुल करवा लें, कम से कम कुछ दिन तक तो आराम से काम चल जाएगा। इसी बीच जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. ने सीतापर के साथ ही देश में पेट्रो पदार्थों की किसी भी तरह की कमी न होने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले, प्रदेश और देश में पेट्रो पदार्थों की कमी नहीं है। तेल को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। पर्याप्त मात्रा में तेल उपलब्ध है। अफवाहों में न पड़ें। जरूरत भर ही तेल खरीदें।

**पेट्रोलियम कंपनियां बराबर स्वीकार कर रही डिमांड**

प्रशासन के साथ ही सीतापुर डिस्ट्रिक्ट पेट्रोलियम एसोसिएशन ने भी पेट्रो पदार्थों और गैस की कमी से इन्कार किया है। एसोसिएशन के महामात्री दिनेश अग्रवाल ने बताया कि सभी पेट्रोलियम कंपनियां डिमांड स्वीकार कर रही हैं। इसके सापेक्ष आपूर्ति भी हो रही है। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने बताया कि जिले में 240 पेट्रोल पंप हैं। प्रतिदिन 100 से अधिक टैंकर आते हैं। टैंकर आ रहे है और पंपों पर तेल बिक रहा है। बताया, होली के चलते महमूबादाबाद-बाराबंकी सीमा के कुछ पेट्रोल पंपों पर तेल नहीं पहुंच पाया था।

किसान को 150 लीटर से अधिक नहीं मिलेगा डीजल :पेट्रोल पंपों पर भीड़ उमड़ने के बाद उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बीके सिंह पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पंप संचालकों से किसानों को 150 लीटर से अधिक डीजल देने पर रोक लगा दी। गौरतलब है कि यूएस-इजरायल और ईरान के युद्ध के बीच होर्मुज स्ट्रेट्स में फंसे एनर्जी सोर्स को बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा है। शुक्रवार को केंद्र सरकार के हवाले से बताया गया हि देश में क्रूड ऑयल, ऑयल प्रोडक्ट्स और एसपीजी का भंडार अच्छी स्थिति में है, जो कि होर्मुज स्ट्रेट्स में फंसे एनर्जी सोर्स से कहीं ज्यादा हैं। मौजूदा स्टॉक के हिसाब से हम अच्छी स्थिति में हैं। हम दूसरे इलाकों से अपनी सप्लाई बढ़ाने जा रहे हैं और होर्मुज स्ट्रेट्स से सप्लाई की कमी को पूरा करेंगे।

